हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

# आपके विश्वास ने हमें मजबूत बनाया

## धन्यवाद... उन सभी मरीज़ों और परिवारों का, जिन्होंने हम पर भरोसा किया।
## आपके विश्वास ने ही हमें वो हिम्मत दी, जिससे हमने सैकड़ों जिंदगियों में नई उम्मीदें जगाईं।



आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं के दम पर आज न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश और विदेश से आने वाले मरीजों का विश्वास जीता है। यहाँ पहले से ही अन्य राज्यों और विदेशों से मरीज उन्नत चिकित्सीय सुविधाओं के कारण पहुँच रहे हैं। अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुपरस्पेशलिटी ट्रीटमेंट, अंतरराष्ट्रीय मानकों की देखभाल और किफायती खर्च ने हेल्थकेयर क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है। **डॉ. नवीन राम दारुका** का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में दुर्ग को मेडिकल टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनाया जाए। उनका मानना है कि जिस तरह लोग सिंगापुर, यूरोप या दिल्ली-मुंबई जैसे स्थानों में इलाज के लिए जाते हैं, उसी तरह दुर्ग को भी विश्वस्तरीय हेल्थकेयर डेस्टिनेशन बनाया जा सकता है।हॉस्पिटल न केवल मरीजों की देखभाल में बल्कि चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। समय-समय पर आयोजित CME कार्यक्रमों के माध्यम से गांवों और छोटे कस्बों में प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों को नई-नई चिकित्सा जानकारी, आधुनिक तकनीकों और गंभीर मरीजों के बेहतर इलाज की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा, अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर कमजोर और पिछड़े इलाकों तक उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं पहुँचाई जा रही हैं। ***डॉ. दारुका का संकल्प है कि आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के माध्यम से दुर्ग को न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे भारत में हेल्थकेयर उत्कृष्टता की नई पहचान मिले।***

### आरोग्यम : महिला शक्ति का अनोखा प्रतीक



प्रबंध निदेशक का सपना है -"इलाज ही नहीं, अपनापन और विश्वास भी।" उनका मानना है कि अस्पताल सिर्फ बीमारियों के इलाज की जगह नहीं, बल्कि संवेदनाओं और मानवीय जुड़ाव का केंद्र होना चाहिए। 85% से अधिक महिलाएं संभाल रही कमान

आरोग्यम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह एक महिला प्रधान संस्था है। यहां 85% से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं, जो अपनी संवेदनशीलता, करुणा और समर्पण के साथ मरीजों को विशेष अनुभव देती हैं। यही महिला शक्ति इस अस्पताल को बाकी संस्थानों से अलग बनाती ।

**कविता केजरीवाल दारुका**
मैनेजिंग डायरेक्टर

### "इरेक्टाइल डिसफंक्शन से जीत 50+ सफल पेनाइल इंप्लांट"



इरेक्टाइल डिसफंक्शन यानी नपुंसकता अब केवल बुजुर्गों की समस्या नहीं रही, बल्कि यह परेशानी युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही है। तनाव, डायबिटीज, मोटापा, धूम्रपान और अनियमित जीवनशैली के कारण 25-40 साल के पुरुष भी इस समस्या का सामना कर रहे हैं। ***दिल्ली के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. गौतम बांगा*** और डॉ. नवीन राम दारुका की टीम ने पेनाइल इंप्लांट सर्जरी में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। टीम अब तक 50+ से अधिक सफल सर्जरी कर चुकी है और दर्जनों मरीजों की जिंदगी बदल चुकी है।

***डॉ. गौतम बांगा का कहना है - "आजकल युवाओं में भी ED (इरेक्टाइल डिसफंक्शन) तेजी से बढ़ रहा है।*** जब दवाइयां असर नहीं करतीं, तब पेनाइल इंप्लांट सबसे भरोसेमंद विकल्प बन जाता है। हमारी टीम अब तक 50+ से अधिक मरीजों को नया आत्मविश्वास दे चुकी है।"





### दुर्ग में हृदय रोगियों के लिए नई उम्मीद: डॉ. आकाश बख्शी



**आपके दिल का सच्चा साथी**

हृदय रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई क्रांति शुरू हुई है। अस्पताल में मौजूद अत्याधुनिक कैथ लैब हृदय की जटिल प्रक्रियाओं को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से संपन्न करने में सक्षम है। यही कारण है कि हृदय रोग के गंभीर मामलों में भी मरीजों को बेहतरीन परिणाम मिल रहे हैं। हाल ही में, अल्प समय में आरोग्यम हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग ने 150+ से अधिक एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक संपन्न करके इतिहास रचा है। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल की क्षमता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हुई है। डॉ. बख्शी के अनुभव और समर्पण ने अस्पताल को क्षेत्र में हृदय रोग के इलाज में अग्रणी बना दिया है। यहा मरीजों को केवल इलाज नहीं, बल्कि विश्वसनीयता, सुरक्षा और सुकून का अनुभव मिलता है। आधुनिक तकनीक, कुशल डॉक्टरों और समर्पित स्टाफ का अनूठा मिश्रण हर मरीज के लिए नई उम्मीद जगाता है। यही कारण है कि दुर्ग और आसपास के क्षेत्र के लोग हृदय रोग के मामलों में, हॉस्पिटल को सबसे भरोसेमंद विकल्प मानते हैं। मरीजों की मुस्कान और स्वस्थ जीवन ही इस अस्पताल की असली उपलब्धि है।

**ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल की सेहत का हाल . निःशुल्क 7440711113**

### "एक साल में हमारी अभूतपूर्व सफलता"

**कार्डियोलॉजी -**
- 300+ एंजियोग्राफी
- 150+ एंजियोप्लास्टी
- 40+ पेसमेकर इंप्लांट



**यूरोलॉजी -**
- 1500+ किडनी स्टोन सर्जरी
- 50+ पेनाइल इंप्लांट
- 150+ रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी
- 65+ पुरुष बांझपन का इलाज



**नेफ्रोलॉजी-**
- 2 सफल किडनी ट्रांसप्लांट
- 13000+ डायलिसिस
- 1200+ CKD
- 24x7 उपलब्ध विशेषज्ञ टीम



**गैस्ट्रोएंटरोलॉजी -**
- 500+ एंडोस्कोपी
- 100+ कोलोनोस्कोपी
- 60+ ERCP



**दुर्घटना में जीवन रक्षक**
- 1 साल में 100 से अधिक गंभीर
- मरीजों को नया जीवन

**ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी**

**99% सर्जरी दूरबीन से**



### "आरोग्यम में एडवांस्ड किडनी व यूरोलॉजी सुविधाएँ"



बदलती जीवनशैली और खानपान की वजह से किडनी और यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारियाँ लगातार बढ़ रही हैं। पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, बार-बार पेशाब में जलन या रुकावट, संक्रमण, क्रॉनिक किडनी डिजीज (CKD) और किडनी फेल्योर जैसी समस्याएँ अब आम हो गई हैं। इन रोगों का इलाज अब अत्याधुनिक तकनीकों से किया जा रहा है। यहाँ लेज़र सर्जरी और एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं की सुविधा है, जिससे मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव और जल्दी रिकवरी का लाभ मिलता है। गंभीर मरीजों के लिए किडनी ट्रांसप्लांट और CKD मैनेजमेंट की विशेष सुविधा भी उपलब्ध है। **जहां शहर की सबसे आधुनिक एवं सबसे बड़ा डायलिसिस यूनिट भी उपलब्ध है** यही वजह है कि दूर-दराज़ से भी मरीज यहाँ उपचार के लिए पहुँच रहे हैं। **किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. के. साहू और यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका** अपनी विशेषज्ञता से मरीजों का सफल उपचार कर रहे हैं।

### अत्याधुनिक बर्न यूनिट आरोग्यम -



सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शहर की सबसे आधुनिक बर्न यूनिट संचालित होने जा रही है, जहां अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. दीपक कोठारी के मार्गदर्शन में हर प्रकार के बर्न मरीजों का इलाज किया जाएगा। यहां थर्मल, इलेक्ट्रिक और केमिकल बर्न से पीड़ित मरीजों के लिए 24 घंटे, 7 दिन निरंतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।अस्पताल में आधुनिक मशीनों, संक्रमण नियंत्रण की विशेष व्यवस्था और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ के साथ गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को समय पर बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है। यह बर्न यूनिट क्षेत्र के मरीजों के लिए राहत और नई उम्मीद साबित हो होगी।

**"अपनों का इलाज - अपने शहर में"**

**CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR | CSEB | ALL INSURANCE & TPA | FCI | IIT BHILAI COAL INDIA | ECHS |ESIC TERTIARY | BSP EMPLOYEE & EX-EMPLOYEE**



# आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ✆ 97554 21861 , 0788-2990458

NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़ aarogyam hospital

**खबर संक्षेप**



## सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है भागवत

**दुर्ग।** ग्राम तिरगा, अंजोरा ख और मटंग में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कथा का श्रवण भी किया और भगवान की भक्ति में लीन रहे। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति और पूजा से हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

## जिला साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह आज

**भिलाई।** जिला साहू संघ का शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे जैन भवन सेक्टर 6 में आयोजित है। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री तामध्वज साहू, पूर्व मंत्री रामशीला साहू ,पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प विकास बोर्ड दीपक ताराचंद साहू, विशिष्ट अतिथि पूर्व क्रेडा सदस्य विजय साहू थे।

## मंडई मेला 8 को और मानसगान 9 से

**अंडा।** गोरकापार (चीचा) में 8 जनवरी को भव्य मंडई मेला एवं तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन 9 10 और 11 जनवरी को रखा गया हैं। मंडई मेला के अवसर में रात्रि कालीन 10:00 बजे साल्हे टोला नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी उदला साहू ने दी।

**निधन**

### मनोहर मंगल मूर्ति

**भिलाई।** पूर्व मैराथन चैंपियन व सेवानिवृत बीएसपी कर्मी सेक्टर 7 निवासी मनोहर मंगल मूर्ति (62)



का निधन हो गया। वे रेणुका के पति और पुत्र प्रसाद के पिता थे। अंतिम संस्कार 27 दिसंबर को शिवनाथ नदी मुक्ति धाम में किया गया।

### जानकी गोस्वामी

**भिलाई।** कोहका मंगल बाजार के समीप निवासी भिलाई इस्पात



संयंत्र, सेक्टर 9 हॉस्पिटल की पूर्व कर्मी जानकी गोस्वामी उम्र 80 वर्ष (पति स्वर्गीय मन्नू बन गोस्वामी) का निधन 27 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेन्द्र बन गोस्वामी की मां, नरेंद्र बन, कमलेश बन, प्रमोद बन, सुधीर बन की चाची थीं।


### सुंदर लाल साहू



**भिलाई।** जंजगिरी चरोदा निवासी सुंदर लाल साहू 74 वर्ष का निधन 26 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 दिसंबर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे लेखेश्वर साहू, चैलेन्द्र साहू के पिता एवं जीवराखन, पन्ना लाल, बोधलाल साहू के बड़े भाई थे।


### ईवा घोष

**भिलाई।** वीआईपी नगर रिसाली



निवासी ईवा घोष 90 वर्ष का निधन 26 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। वे स्व. टी के घोष की पत्नी एवं तरुण, वरुण, अधिवक्ता रीता घोष एवं मीता राय की मां थीं।

### कमला देवी



**भिलाई।** कैंप 1 निवासी 75 वर्षीय कमला देवी का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सुभाष सोनी की माताजी थीं।

# अण्डा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बस स्टैण्ड अंड बस्ती रोड गांधी नगर अण्डा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कथावाचक पं. डॉ. दिग्विजय शर्मा ने भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का सारगर्भित एवं भावपूर्ण वर्णन किया। परायणकर्ता पं. सत्यम शर्मा ने विधिवत शास्त्रोच्चारण एवं पाठ किया। पं. शर्मा ने बताया कि भगवान का अवतार अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए होता है। उन्होंने मानव जीवन में सत्य, प्रेम, करुणा और भक्ति के महत्व को भी उजागर किया। 31 दिसम्बर बुधवार अंतिम दिन श्रीमद्भगवद् गीता का व्याख्यान किया जाएगा, जिसमें जीवन के गूढ़ रहस्यों और कर्मयोग का संदेश दिया जाएगा। कथा का समापन पूर्णाहुति एवं हवन के साथ किया जाएगा।

आयोजक परिवार द्वारा समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है। कथा स्थल पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के आयोजन में प्रमुख रूप से



दीनदयाल साहू, दुखीन बाई साहू, घनश्याम साहू, हेमलता साहू, रोशन साहू, मीना साहू, रेखलाल साहू, पुष्पी साहू, कुंवरिया साहू, कामता साहू, नीता साहू, रामनाथ साहू कौशिल्या साहू, बिरेन्द्र साहू माधुरी साहू, प्रशांत साहू, निशा माहू, पल्लवी माहू,राहुल साहू,राकेश साहू,कुशुमलता (खुशी)साहू,सुनिधि साहू,प्रखर साहू,गौरांगी साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# मित्रता में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता : परमानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

पाटन विधानसभा के ग्राम मटंग में तेनसिंग निर्मलकर परिवार द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है! जहां परमानंद महराज ने कथा के समापन दिवस पर कृष्णा, सुदामा चरित्र का वर्णन सुंदर झांकी के माध्यम से चित्रण किया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कथा स्थल पहुंचकर भागवत कथा का श्रवण किया। कथा वाचक पुरोहित परमानंद पंचकोशी धाम नव चेतना केन्द्र फिगेश्वर( राजिम) ने कथा को बताते हुए कहा कि कृष्णा-सुदामा सच्चे मित्रता की मिसाल है। मित्रता में कोई बड़ा या छोटा नहीं होता। कथा के अंतिम दिवस परिक्षित मोक्ष किया गया तथा चढ़ौत्री के पश्चात भागवत भगवान की बरात निकालकर नगर भ्रमण किया गया।

- तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू पहुंचे श्रीमद् भागवत कथा सुनने



इस अवसर पर पोशुराम निर्मलकर,डूलेश्वर साहू, सरपंच अमित हिरवानी,मनोज साहू,प्रकाश सिन्हा,भागवत वर्मा, संत घनश्याम पटेल,युमन साहू, रेवाराम ठाकुर,मनहरण साहू,रमेश वर्मा,तोरण देवांगन,जगदीश वर्मा,शंकर यादव, कमल निर्मलकर, निहाल निर्मलकर, बोधीराम साहू,सहित बड़ी संख्या में जन मानस उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों और सुअरों से वार्ड के नागरिक सबसे ज्यादा परेशान

# सड़क और नाली की समस्या से जूझ रहे वार्ड 34 शिवाजी नगर के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई


**विवाद के चलते अटका डोम शेड का निर्माण**

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 34 शिवाजी नगर में अधूरा सड़क निर्माण, अधूरी नालियां, सुअरों और आवारा कुत्तों की समस्या से लोग परेशान हैं। कई जगह सड़क और नाली का काम अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे बारिश के दौरान पानी सड़कों पर फैल जाता है और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

नगर निगम के जोन-3 अंतर्गत शिवाजी नगर के रहवासी इन दिनों बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इलाके में कई जगहों पर सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान यहां गड्ढों में पानी भर जाता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसी तरह कुछ इलाकों में नाली निर्माण भी अधूरा है। नाली कुछ दूरी तक बनी है, फिर अचानक खत्म हो जाती है। नाली भरते ही पानी सड़कों पर फैल जाता है और पूरी सड़क दलदल में बदल जाती है। इलाके में सुअरों और आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बच्चों और बुजुर्गों को निकलने में डर बना रहता है।

रहवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी स्थायी कार्रवाई नहीं की गई। सार्वजनिक शौचालय के पास बना गार्डन भी बदहाल हालत में पहुंच चुका है। जो कभी बच्चों की आवाज और हरियाली से भरा रहता था, आज देखरेख के अभाव में वीरान पड़ा है। गार्डन का मुख्य गेट टूट चुका है और कई जगह दीवारें भी क्षतिग्रस्त हैं। निषाद सेवा समिति गार्डन में लोगों ने नगर निगम से डोम शेड लगाने और पार्क की मरम्मत की मांग की है।







### खराब ढलान से सड़कों पर भरता है गंदा पानी

वार्ड 34 शिवाजी नगर में नाली



निर्माण अधूरा छोड़े जाने और गलत लेवलिंग के कारण पानी सड़कों और गलियों में भरने लगता है। वार्ड के निवासी दिलीप शर्मा ने बताया कि सार्वजनिक शुलभ शौचालय के पास कुछ हिस्सों में नालियों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। कई बार जनप्रतिनिधियों से निर्माण पूरा कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक काम नहीं हुआ। दिलीप शर्मा का कहना है कि नाली का स्तर ऊंचा-नीचा बना दिया गया है। इस वजह से जैसे ही नाली भरती है, गंदा पानी सड़कों और गलियों में फैल जाता है। पैदल चलना मुश्किल हो जाता है और दुर्गंध के कारण लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### सुअरों और आवारा कुत्तों का आतंक

वार्ड 34 में सुअरों और आवारा कुत्तों की समस्या ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वार्ड की रहने



वाली जे पार्वती राव ने बताया कि पूरे इलाके में सुअरों और आवारा कुत्तों का झुंड घूमता रहता है। घरों के सामने हर समय सुअरों का झुंड खड़ा रहता है, जिससे लोगों को बाहर निकलने में डर लगता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चिंता बच्चों की सुरक्षा को लेकर है। बच्चों को गली में खेलने तक नहीं भेजा जा रहा, क्योंकि हर समय यह डर बना रहता है कि कहीं सुअर या कुत्ते हमला न कर दें। जे पार्वती राव ने बताया कि इस समस्या की शिकायत नगर निगम में की गई थी। निगम की टीम मौके पर आई, फोटो खींचकर चली गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज भी सुअरों के झुंड मोहल्ले में घूमते दिखाई देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई सुअर आसपास के कुछ लोगों के पालतु हैं, जो खुले में छोड़े जाते हैं। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने से वार्डवासियों में नाराजगी है। लोगों ने नगर निगम से पालतु सुअरों और आवारा कुत्तों को पकड़कर स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

### गार्डन में डोम शेड की मांग

निषाद सेवा समिति गार्डन में डोम शेड निर्माण की मांग लोगों ने की है। वार्ड के अशोक चौधरी, रवि कुमार, देव प्रसाद और गणेश ने बताया कि इस गार्डन में लंबे समय से हर साल माता दुर्गा की भव्य पूजा का आयोजन किया जाता है, लेकिन डोम शेड नहीं होने के कारण कार्यक्रम के दौरान लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश या तेज धूप में भक्तों और महिलाओं को खड़े रहने की जगह नहीं मिलती। लोगों ने नगर निगम भिलाई से स्थायी डोम शेड निर्माण की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है। डोम शेड बनने से गार्डन का उपयोग बढ़ेगा और क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी।

### विवाद के कारण अटका काम

वार्ड 34 वी शिवाजी नगर के निषाद सेवा समिति गार्डन और अधूरे विकास कार्यों को लेकर वार्ड पार्षद संतोष नाथ सिंह जालंधर ने नगर निगम प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। जालंधर ने बताया कि करीब 20 साल पहले नगर निगम ने गार्डन बनाया था। चार-पांच साल पहले डोम शेड का भी निर्माण किया जा रहा था। इसके लिए सीमेंट के बीम भी लगाए गए थे, लेकिन उसी दौरान एक व्यक्ति ने जमीन को अपना बताते हुए तहसील न्यायालय दुर्ग में मामला दायर कर दिया। जिस व्यक्ति ने जमीन का दावा किया था, उसे बीएसपी की ओर से मुआवजा मिल चुका था। इस कारण बाद में वह केस हार गया, इसके बावजूद नगर निगम ने जमीन को अपने आधिपत्य में नहीं लिया।

### सड़क के लिए जिला प्रशासन को कई बार कराया गया अवगत

अधूरे सड़क निर्माण को लेकर भी पार्षद ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सड़कों और नालियों के अधूरे काम के संबंध में कई बार जिला प्रशासन को पत्राचार किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पार्षद जालंधर ने यह भी कहा कि 15वें वित्त आयोग से उनके वार्ड के विकास कार्यों के लिए अब तक कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि सांसद निधि से उन्हें 15 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं, जिनसे सड़कों और नालियों के निर्माण का काम कराया जाएगा।

# व्यापार और उद्योग देश के विकास की आर्थिक रीढ़



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्थानीय उद्योग, व्यापार और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को सशक्त दिशा देने उज्ज्वल उद्योग भविष्य विषय पर सीए बिल्डिंग सिविक सेंटर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यापार से समृद्धि विजन 3.0 को केंद्रित करते हुए व्यापारिक नवाचार, आत्मनिर्भरता, स्टार्टअप संस्कृति और आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत विचार-विमर्श की गई। साथ ही उद्योग जगत में आ रही परेशानियों पर भी चर्चा की गई व समाधान के लिए शासन को प्रेषित की गई। कार्यशाला के दौरान वित्त मंत्री का विशेष संदेश उपस्थितजनों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग देश की आर्थिक रीढ़ हैं। युवाओं को नवाचार, कौशल विकास और डिजिटल सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सरकार द्वारा उद्योगों एवं व्यापारियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण संभव है। उन्होंने व्यापार से समृद्धि विजन 3.0 को भारत के आर्थिक विकास का मजबूत रोडमैप बताते हुए कहा कि यह विजन व्यापारियों, युवाओं और उद्यमियों को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यशाला में महामंत्री अजय भसीन व अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने उद्योगों की वर्तमान चुनौतियों, वित्तीय प्रबंधन, नई तकनीक, सोलर एवं ग्रीन एनर्जी, स्टार्टअप अवसरों और सरकारी नीतियों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान उद्योग जगत में विशेष उपलब्धि व नए आयाम स्थापित करने वाले उद्यमियों को उद्योग गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उद्योग गौरव सम्मान में अजीत सिंह को फेब्रिकेशन क्षेत्र, शंकर बजाज को पीएच चेम्बर अध्यक्ष, नीलाद्रि शाह को गोपाल इंडस्ट्री, संदीप अग्रवाल को हरिओम टीएमटी, अरविंदर खुराना को एमएसएमई, अंकित मेहता एक्सपोर्ट ईईपीसी, मयूर कुकरेजा को पेंट उद्योग व रतन दास गुप्ता एंसिलरी जगत में विशेष उपलब्धि के लिए सम्मानित किए गए। कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र नेमा,भोलानाथ सेठ, सीए राजेश बाफना रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति, युवा उद्यमी एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मन की बात का 129 वां एपिसोड आज

**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण 28 दिसम्बर को सुबह 110 बजे सभी चैनलों पर किया जाएगा। भाजपा जिला कार्यालय, प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला भिलाई में सुबह 10.30 बजे से मन की बात को सुनने के लिए कार्यक्रम आयोजित है। भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने बताया कि सांसद, विधायक, पूर्व विधायक सहित जिले में निवासरत प्रदेश व जिला पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी, समस्त मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, सभी पार्षद उपस्थित होकर मन की बात सुनेंगे।

# श्रद्धालुओं ने लिया धर्ममय जीवन का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

अछोटी पोस्ट विनायकपुर, जिला दुर्ग में दो



दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन भजन कार्यक्रम का आयोजन भक्तिमय वातावरण में किया गया। इस दौरान आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और हरिनाम संकीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम के कथा वाचक कामता प्रसाद शरण महाराज (जय गुरूदेव संकीर्तन परिवार, कुड़ेरा चादर, गरियाबंद) ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन से मन की शुद्धि होती है और यह समाज में प्रेम, शांति एवं सद्भाव का संचार करता है। महाराज श्री ने भक्ति, सदाचार, मानव सेवा और गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए सभी को धर्ममय जीवन जीने का संदेश दिया।

श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए और गुरु वाणी का श्रवण कर अपने जीवन को संयम, भक्ति और सेवा भाव से संवारने का संकल्प लिया। यह आयोजन ग्राम अछोटी के लिए आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का प्रेरणास्त्रोत बना। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती झन्ना दिल्लीवार, उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार उपस्थित थे साथ ही साथ मधु साहू, योगेश दिल्लीवार, प्रवीण दिल्लीवार, खिलेंद्र कोशे सहित समस्त आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जंजगिरी में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंजगिरी में निर्मित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं स्वीकृत कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम रविवार, 28 दिसंबर को दोपहर 1 बजे बाड़ा चौक में होगा। कार्यक्रम में बाड़ा चौक में डोम शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण, नकटा तालाब से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा आबादी पारा में मोहन साहू के घर से मनरेगा भवन तक नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रद्धा साहू , सदस्य जिला पंचायत दुर्ग द्वारा की जाएगी।यह जानकारी सरपंच गीता कमलेश ठाकुर ने दी।

# पुलगांव लोक महोत्सव 10 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

हर वर्ष की तरह इस साल भी नवयुग समिति एवम वार्डवासियों के सहयोग से पुलगांव में लोक महोत्सव का आयोजन 10 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु) ने बतलाया कि छत्तीसगढ़ के संस्कृति के सहजने का एक छोटा सा प्रयास

- महोत्सव में रामायण पाठ, राउत नाच आदि होंगे



ही पुलगांव लोक कला महोत्सव की पहचान हैं। इस लोकमहोत्सव के माध्यम से लो क गी त लोक संगीत भरथरी और पंडवानी आदि की प्रस्तुति होगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के द्वारा होगा। चार दिवसीय महोत्सव में रामायण पाठ ,सुंदरकांड का पाठ राउत नाच, भरथरी, सुवा नाच भरथरी लोकगीत मेला मड़ई एवम दुष्यन्त हरमुख कृत रंग झरोखा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। बैठक में समिति के संचालक दिनेश यादव ,अध्यक्ष सतीश साहू ,राहूल पण्डित, विक्रम भारती, विनोद ,धनराज ,कपिल साहू पूर्व पार्षद मोती साहू ,लल्लू, रमेश राजपूत आकाश यादव , नरोत्तम, मनोहर यादव , पार्षद अश्वनी निषाद आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु) ने दी।

## महापौर अल्का बाघमार ने अधिकारियों की ली बैठक

# गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम मेयर अलका बाघमार की अध्यक्षता में नगर निगम मेयर चेम्बर में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई।

- समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश



बैठक में शहर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो 15वें वित्त, सड़क डामरीकरण, सीमेंटीकरण सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइट और पेवर ब्लॉक के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था और सौंदर्यीकरण पर चर्चा हुई। मेयर ने अधिकारियों को समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। नगर निगम अपने मेयर चेम्बर में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में शहर के विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर अफसरों बैठक ली

बैठक में नगर निगम क्षेत्र में संचालित और प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर अलका बाघमार ने सड़कों के निर्माण, पेयजल व्यवस्था के साथ सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा की।

अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य तय समयसीमा में और मानक गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। मेयर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षद सुरूचि उमरे, सहायक अभियंता गिरीश दीवान,सहायक अभियंता संजय ठाकुर,राजेन्द्र धबाले, करण यादव,हरिशंकर साहू,पंकज साहू,अपर्णा मिश्रा,विकास दमाहे समेत अन्य अधिकारी थे।

# चंदखुरी में गुरु घासीदास जयंती समारोह और मड़ई मेला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

ग्राम चंदखुरी स्थित गुरु घासीदास चौक, वार्ड क्रमांक 12 एवं 13, जिला दुर्ग में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती का समारोह और मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डोमनलाल कोसेवाड़ा विधायक अहिवारा एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शामिल होंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत रात्रि 10:30 बजे शशि रंगीला स्टार नाइट का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही जय सतनाम भजन मंडली एवं बालिका पंथी पार्टी, लभांडी (रायपुर) द्वारा पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम "एक प्रयास नशा एवं अपराध मुक्त समाज" के संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा और समानता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना। यह जानकारी समिति के सदस्य नरसिंह बारले ने दी।

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025


तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


14 नुक्कड़ नाटक के जरिए गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को किया याद





16 संगीत और नृत्य स्पर्धा का समापन, 11 श्रेणियों में 120 कलाकार सम्मानित











## खबर संक्षेप

### पीडब्लूडी इंजीनियर को बेटे ने पीटा, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** पीडब्लूडी उप अभियंता को उसके बेटे विनय ने जमकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटना स्मृति नगर पुलिस चौकी का है। पुलिस ने बताया कि 25 दिसंबर को दुर्ग के पीडब्ल्यूडी में पदस्थ उप अभियंता मोहन लाल प्रजापति घर में खाना खाने बैठे। तभी पत्नी ने खाना परोसा लेकिन किसी बात के विवाद में गुस्से में आकर उन्होंने खाना फेंक दिया। बेटे ने खाना फेंकने का विरोध किया और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दिया। घर से बाहर निकाल दिया। मोहन लाल प्रजापति ने पुलिस को बताया कि वे दुर्ग स्थित अपने निवास पर मौजूद थे। उनकी पत्नी जुमता प्रजापति उनके लिए खाना लेकर आईं। खाना फेंकने को लेकर विनय कुमार प्रसाद नाराज हो गया।

### गांजा तस्कर पकड़ाया

**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाला बलांगीर उड़िसा निवासी शखिल बाग राजा उर्फ राज कन्हाई हट्टी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से तीन पैकेट गांजा व अलग झिल्ली में 15 पुड़िया, 5 मोबाइल जब्त किया गया है।

# मेधावी विद्यार्थियों को एक्सपर्ट देंगे ऑन लाइन कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिला शिक्षा विभाग ने इस साल बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों को मेरिटोरियस में लाने के लिए विशेष कोचिंग व्यवस्था बदल दिया है। विशेष कोचिंग ऑन लाइन सिस्टम से दिया जाएगा। इसके पहले विभाग द्वारा जिला व ब्लॉक स्तर पर विशेष कोचिंग ऑफ लाइन सिस्टम से विद्यार्थियों को देते रहे हैं। ऑन लाइन सिस्टम में एक्सपर्ट टीचर वाट्सएप में अपना टिप्स देंगे।

जिला शिक्षा विभाग ने दसवी और बारहवीं बोर्ड की अर्द्धवार्षिक परीक्षा ली है। इस परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर मेधावी विद्यार्थियों की सूची तैयार की जाएगी। जो विद्यार्थी 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लेकर अर्द्धवार्षिक परीक्षा में लाएंगे उन्हे विशेष कोचिंग देने की व्यवस्था की जाएगी।

मेधावी विद्यार्थियों को ऑन लाइन सिस्टम से विशेष कोचिंग देने के लिए जिला स्तर पर वाट्सएप ग्रुप तैयार किया जाएगा। इस ग्रुप में सब्जेक्ट एक्सपर्ट टीचर और मेधावी विद्यार्थियों को जोड़ना है। सब्जेक्ट एक्सपर्ट टीचर अपने-अपने विषय संबंधित छोटे-छोटे वीडियो इस ग्रुप में डालेंगे। जिसमें गणित, बॉयोलॉजी, केमेस्ट्री, फिजिक्स, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, एकाउटेंसी आदि प्रमुख विषय होंगे।

### विद्यार्थी डाउट भी वाट्सएप ग्रुप में ही पूछेंगे

ऑनलाइन सिस्टम में मेधाावी विद्यार्थियों को किसी भी विषय के टॉपिक को लेकर अपने डाउट्स दूर करना है तो वाट्सएप ग्रुप में ही सवाल भेजना है। जिस विषय का सवाल है उसे एक्सपर्ट सब्जेक्ट टीचर देखेगा और जवाब देगा। एक्सपर्ट टीचरों ने सभी विषयों के विशेष प्रश्नपत्र भी तैयार किए हैं जो वाट्सएप ग्रुप में डाले जाएंगे। जिसके आधार पर विद्यार्थी अपनी तैयारी करेंगे।

### कमजोर विद्यार्थियों को उत्तीर्ण करने ऑफ लाइन तैयारी

दसवी और बारहवीं बोर्ड में अध्ययनरत ऐसे भी विद्यार्थियों की सूची बनेगी जो अर्द्धवार्षिक परीक्षा में फेल हो गए हैं या बार्डर लाइन में अंक लेकर पास हुए हैं। ऐसे कमजोर विद्यार्थियों को ऑफ लाइन तैयारी उनके स्कूलों में ही करवाई जाएगी। जिस स्कूल के ये विद्यार्थी हैं वहां के सब्जेक्ट टीचरों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जानी है। कमजोर विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षाएं पास कर लें ऐसी तैयारी होगी।



### जिला शिक्षा विभाग इस बार कोचिंग का सिस्टम बदला, वाट्सअप ग्रुप हो रहा तैयार

#### सब्जेक्ट टीचर नहीं वहां संकुल से व्यवस्था की जा रही

दसवी और बारहवीं में जिस विषय के टीचर नहीं हैं वहां के विद्यार्थियों की तैयारी करवाने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना बना ली है। समीप क स्कूल से व्याख्याताओं को बुलाकर पढ़ाई करवानी है। समीप के स्कूल में भी यदि व्याख्याता नहीं है या कम है तो संकुल स्तर पर ऐसी व्यवस्था करनी है कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाई जा सके। शासन के निर्देश पर इसे लेकर कवायद शुरू की गई है।

#### 28 हजार 947 विद्यार्थी इस बार देंगे बोर्ड परीक्षा

जिले के सरकारी स्कूलों में 28 हजार 947 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। दसवी में 16084 और बारहवीं में 12863 विद्यार्थी पढ़ते हैं। जिला शिक्षा विभाग द्वारा इन विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा ली गई है। आगामी दिनों में मॉडल टेस्ट होने हैं, इसके बाद बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन किया जाना है इसे देखते हुए तैयारी की जा रही है।

#### ऑनलाइन सिस्टम से विशेष कोचिंग

इस बार बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों को ऑनलाइन सिस्टम से विशेष कोचिंग देंगे। इसके लिए हमने जिला स्तर पर सब्जेक्ट एक्सपर्ट टीचरों तैयार किए हैं। अर्द्ध वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट के आधार पर मेधावी बच्चों की चयन सूची तैयार होगी। ऐसे बच्चों का एक वाट्सएप ग्रुप तैयार करेंगे।
-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ

### 52 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल हैं डी ग्रेड में

जिला शिक्षा विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती दसवी और बारहवीं बोर्ड का रिजल्ट पिछले साल से और बेहतर करना है। वहीं मेरिट सूची में भी जिले के सरकारी स्कूल से विद्यार्थी पहुंचे इसके लिए ही विशेष कोचिंग पहले ऑफ लाइन सिस्टम से होता रहा है। ऑन लाइन सिस्टम से कोरानकाल के दौरान ही तैयारी करवाई गई थी। इस सिस्टम को फिर से फालो किया जा रहा है। कई ऐसे विद्यार्थी हैं जो वाट्सएप ग्रुप में सवाल करने में संकोच करते हैं। इस सिस्टम से विद्यार्थियों को टॉपिक समझ में आया या नहीं यह भी पता नहीं चल पाता। जिले में शिक्षा गुणवता अभियान की रिपोर्ट के हिसाब से 52 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल डी ग्रेड में हैं। जिसमें 19 हाई स्कूल और 23 हायर सेकंडरी स्कूल शामिल हैं। बोर्ड परीक्षा इस बार फरवरी में ही आयोजित होंगे। इसलिए कोर्स पूरा करना और उसके बाद इन स्कूलों के विद्यार्थियों को डी ग्रेड से निकालने के लिए फोकस करना एक चुनौती है।

# हनुमंत कथा स्थल पर छह संदिग्ध महिलाएं हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



जयंती स्टेडियम में पं. धीरेंद्र शास्त्री महाराज की कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में अलग-अलग राज्यों से भक्तगण पहुंच रहे हैं। ऐसे में पुलिस सुरक्षा इंतजाम में काफी कड़ी व्यवस्था रखी हुई है। चोरी, लूट और चेन स्नेचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस सजग है।

चेकिंग में अन्य राज्यों के 9 संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि स्टेडियम में 25 से 29 दिसंबर तक श्री हनुमंत कथा का आयोजन में थाना भिलाई नगर पुलिस ने पंडाल के अंदर, आसपास लगातार पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पुलिस ने संदिग्ध महिलाओं में आधार कार्ड या अन्य कोई वैध आईडी प्रूफ मांगा गया। जिसमें महिलाओं में कमसा मारमुत्तु नायडू, काजल नायडू, पूजा रजनी नायडू, रोशनी रजनी नायडू (निवासी नवापुर वाकीपाड, जिला नंदूरबार, महाराष्ट्र), सुमन इकरन, अनीता जाटव (जिला भरतपुर, राजस्थान), मोनी जाटव, गुड्डी जाटव (निवासी हरिनगर, पलवल, हरियाणा-पंजाब) एवं गौरी जाटव (निवासी चितौकरी, जिला भरतपुर, राजस्थान) शामिल हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर इस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

# चिट्टा सेवन करने वाले अपचारी बालकों समेत 6 गिरफ्तार



**भिलाई।** चिट्टा सेवन करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि भिलाई तीन स्थित सिरसा भाठा मेहंदी बाड़ी के पास खाली मैदान में कार में बैठकर सिंथेटिक हेरोइन (चिट्टा) सेवन कर रहे कैलाश नगर जामुल निवासी रवेल सिंह, कार चालक गनियारी दिशांत , संगम चौक खुर्सीपार रोहित गुप्ता, सुभाष मार्केट खुर्सीपार ओमकार सिंह उर्फ गोली और दो अपचारी बालक को भिलाई तीन पुलिस को पकड़ा है। आरोपियों के पास से हेरोइन, कैश, मोबाइल, कार सीजी 04 एल डब्लू 6629 को जब्त किया गया। इनके पास से कुल 9.87 लाख रुपए का सामान मिला है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस सिरसा भाठा पहुंची थी, कुछ संदिग्ध युवकों की जानकारी मिली थी। घेराबंदी कर युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कार के भीतर धुआं भरा हुआ था। कार की तलाशी के दौरान अलग-अलग मात्रा में हेरोइन चिट्टा बरामद किया गया। दिशांत से 2.10 मिलीग्राम, रवेल से 6.50 मिलीग्राम, रोहित 0.58 मिलीग्राम, ओमकार 0.51 मिलीग्राम और नाबालिगों से हेरोइन मिला। आरोपी रवेल सिंह और दिशांत अग्रवाल ने बयान में बताया कि यह मादक पदार्थ शेरु नामक व्यक्ति से तेलहा नाला के पास रुपए देकर खरीदा था।

### अगले पांच दिन शीतलहर चलने का आसार

# पारा 9.2 डिग्री, रात में ठंड, सुबह कोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान शनिवार को 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। रात में पारा दो डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। जिसकी वजह से ठंड काफी बढ़ जाती है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले तीन दिनों में शीतलहर फिर से शुरू हो सकती है। मौसम में उतार-चढ़ाव की वजह से अलसुबह धुंध जैसी स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने दुर्ग का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। यह सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। दुर्ग का अधिकतम तापमान प्रदेशभर के सभी जिलों से सबसे अधिक रहा है। अधिकतम तापमान के बढ़ने और न्यूनतम तापमान में भी अधिक होने की वजह से दिन में ठिठुरती ठंड से लोगों को जरूर राहत मिली है। लेकिन रात का पारा कम होने से लोगों को ठंड काफी लगने लगी है। रात को सड़कों पर आवागमन भी कम होने लगा है।

### ट्विनसिटी में हर दिन सुबह के समय कम रहती है विजिबिलिटी



#### अलाव जलाने का दौर जारी

रात में पारा नीचे चले जाने की वजह से अलावा जलाने का दौर जारी है। अलाव हर चौक-चौराहे पर लोग चला रहे है। खासकर मार्केट, सब्जी मंडियों में व्यवसाई और श्रमिक अलाव से इस ठंड में राहत पाने की जुगत लगाए हुए हैं। नगर निगम भिलाई व नगर निगम दुर्ग द्वारा भी सार्वजनिक स्थलों में अलाव जलाए जा रहे हैं। श्रमिक बस्तियों में यह दृश्य देखा जा सकता है। देर रात तक लोग आग तापते मिलेंगे।

#### पिछले चार दिनों से पारा में उतार-चढ़ाव

ट्विनसिटी में पिछले चार दिनों से न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास ही घूम रहा है। अचानक यह 8.50 डिग्री सेल्सियस तक भी चला आता है। जिसकी वजह से लोगों को इस सीजन में ठंडी लंबी लगने लगी है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल ज्यादा ठंड का अनुभव लोग कर रहे हैं। इसके अलावा छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। इसे लेकर चिकित्सकों द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई है।




05

लोकवाद्य संग्राहक रिखी के साथ अंडमान पहुंचा छत्तीसगढ़ी समूह, बिखरेंगे लोकरंग

**लाइव इवेंट**

## क्रॉस कंट्री में 10 किलोमीटर रेस में दुर्ग की रुक्मणि साहू रही प्रथम



**भिलाई।** 23वीं राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम बिलासपुर में किया गया। उसमे पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से विभिन्न वर्गो में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग जिले ने 2 स्वर्ण, 1 रजत , 2 कांस्य पदक प्राप्त किया। 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में आशुतोष बिंद ने रजत, महिला वर्ग में रुक्मणि साहू ने स्वर्ण, 6 किलोमीटर 20 वर्ष से कम में मोहम्मद वसीम ने कांस्य, बालिका वर्ग में आंचल साहू ने कांस्य, 2 किलोमीटर बालिका वर्ग 16 वर्ष से कम में वंदना ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आरके पिल्लई, आर सुनील कुमार नायर, जानकी राव, चंद्रगुत चौहान, दामोदरन,गणेश राव, ईटी राज़, पीजे सेबेस्टियन, शंकर नारायण दलाई, ऍम सी बेंजामिन, पी विनोद नायर, मज्जू जॉय,रविन्द्र देशमुख, मेजर सिंह, जयप्रकाश, अशोक पटेल, बालक दास, हरभजन सिंह, राजकुमार बघेल और सभी एथलेटिक्स खिलाडियों ने बधाई दी है।

**सिटी इवेंट**

## वेस्ट जोन प्रतियोगिता में भिलाई समेत छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी छाए रहे



**भिलाई।** इंदौर में हुई वेस्ट ज़ोन राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भारी मात्रा में पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। बालक वर्ग सब जूनियर में उत्सव सेन रजत, जूनियर वर्ग में मनीष देवांगन कास्य, सीनियर वर्ग में धनंजय यादव स्वर्ण, ब्लेसन बास्को कास्य, तुषार स्वर्ण, अभिषेक जॉर्ज कास्य, बालिका वर्ग सब जूनियर में अन्नपूर्णा नायक स्वर्ण, जूनियर वर्ग में पायल घोड़े कांस्य, हिमांशी देशमुख रजत एवं ईशा रात्रे ने कास्य पदक अर्जित किया। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में वंदना मंडल स्वर्ण, गुरप्रीत कौर भाटिया कास्य पदक प्राप्त करने में सफल रहीं। टीम के कोच कृष्णा साहू, संतोषी माझी, पतंजलि झा, आसिफ अली खान, अशोक कुमार पिल्ले, प्रिंस पीयूष टंडन, रंजीत तांडी का विशेष योगदान रहा।

**सिटी इवेंट**


## नुक्कड़ नाटक के जरिए गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को किया याद



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जो गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान की स्मृति में समर्पित है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. अभिनेष सुराना, डॉ. जीएस ठाकुर, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव तथा डॉ. शकील हुसैन ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वीर बालकों के अतुलनीय साहस, सर्वोच्च बलिदान और धर्मनिष्ठा का मार्मिक चित्रण किया। वक्ताओं ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान केवल धार्मिक इतिहास की घटना नहीं, बल्कि मानव मूल्यों, नैतिक दृढ़ता और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का अमर प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इन बलिदानों को केवल स्मरण तक सीमित न रखें, बल्कि सत्य, साहस, कर्तव्य और राष्ट्रसेवा को अपने जीवन का आधार बनाएं। कार्यक्रम का संचालन तरुण कुमार साहू ने किया। विद्यार्थियों सहित लगभग 100 प्रतिभागियों ने सहभागिता दी। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वीर बालकों के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र एवं समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया।

## वेदांती महाराज की श्रद्धांजलि सभा आज

**दुर्ग।** वशिष्ठ पीठाधिश्वर हिंदुधाम संस्थापक सनातनधर्म के अनुयायी



ब्रह्मर्षि वेदान्ती इस धराधाम से राममंदिर निर्माण कार्य की पूर्णता के बाद अचानक साकेत वास हो गए हैं। उनकी राम कथा हमारे दुर्ग शहर में पद्मनापुर, विद्युत नगर एवं जवाहर नगर में संपन्न हुई है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण की है। 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक श्रद्धांजलि सभा एवं संगीत मय सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन बाफना मंगलम पद्मनाभपुर में किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके भक्त और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

# पं. धीरेंद्र शास्त्री के दिव्य दरबार में जुटे डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालु...



# धमधा से आए हुए भक्त को 65 हजार की आर्थिक सहायता, पर्चा निकाल 12 से ज्यादा श्रद्धालुओं की परेशानियों का बताया समाधान

**भिलाई।** देश में सनातन के ध्वज वाहक, अखंड भारत की परिकल्पना और हिंदू राष्ट्र बनाने का अभियान चलाने वाले बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का दिव्य दरबार शनिवार को जयंती स्टेडियम में लगा।

जहां सुबह 4 बजे से भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। डेढ़ लाख से ज्यादा भक्त हनुमंत कथा स्थल में जुटे। इस सेवा समर्पन संस्था के संयोजक राकेश पांडेय को मंच से कहना पड़ा कि भक्तों की संख्या सोची गई संख्या से कहीं ज्यादा है। इसलिए इसलिए होने वाली अव्यवस्था के लिए माफ किया जाए। दिव्य दरबार में शामिल होने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सहित अन्य कई प्रमुखजन पहुंचे। पं. धीरेंद्र शास्त्री दोपहर करीब 2.15 बजे व्यास पीठ में पहुंचे। इसके बात उनके श्रीमुख से 5 दिवसीय दिव्य हनुमंत कथा में दिव्य दरबार लगाया गया। श्रद्धालुओं को जहां जगह मिली वे वहीं पूरी श्रद्धा के साथ बैठ गए। श्रद्धालुओं ने आयोजन स्थल के आसपास की सड़कों को भी नहीं छोड़। ऐसे श्रद्धालु ने सड़क पर ही बैठकर कथा श्रवण की। कुछ श्रद्धालुओं को ग्राउंड में जगह नही मिलने से वे पेड़ में चढ़कर कथा का आनंद लेते नजर आए। पेड़ में चढ़े भिलाई के एक श्रद्धालु की दिव्य दरबार में अर्जी भी लगी। कथा में अयोध्या हनुमान गढ़ी महंत राजू दास, बद्रीनाथ धाम के महंत यज्ञ सम्राट बालक दास भी पहुंचे।

## हाजिरी लगाने पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय, स्पीकर डॉ. रमन सिंह और मंत्री तोखन साहू





### हम छत्तीसगढ़ियों का सौभाग्य कि भगवान राम का ननिहाल छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कथा स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रदेश वासियों का सौभाग्य है कि हनुमान स्वामी श्रीराम का ननिहाल छत्तीसगढ़ है। ऐसे में प्रसिद्ध कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री जी द्वारा सनातन धर्म का ध्वज लेकर हिंदुओ को एकजुट करने व का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने प्रत्येक सनातनियों को अपनी आहुति देना आवश्यक है। इसके लिए हनुमान चालीसा में लिखे गए प्रत्येक शब्द हमें आत्मसात करना चाहिए। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कथा का हरेक शब्द मानव जीवन के लिए प्रेरणादायी है। उनके प्रवचन सुनने देशभर से भक्त पहुंचते हैं। वे कथा वाचक के साथ सनातन धर्म के प्रचारक व ध्वजवाहक है ऐसे संतो के मार्ग दर्शन में ही प्रदेश का कल्याण होगा। इससे पहले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने फरियादियों की समस्याओं का बोध कराने के साथ उनके निराकरण का उपाय भी बताया। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, विधायक ललित चंद्राकर, अरुण वोरा, लाभचंद बाफना, प्रतिमा चंद्राकर, प्रहलाद रजक सहित अन्य मौजूद थे।

### बेटे से परेशान...नहीं हो रही शादी...भाई दुकान हथियाना चाह रहा...जैसी शिकायतें

पं. धीरेंद्र प्रकाश शास्त्री के दिव्य दरबार में जिनका पर्चा निकला,



उनकी अलग-अलग शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। भक्तों में बेटे से परेशान मां...शादी नहीं होने वाले युवक...भाई दुकान हथियाना चाह रहा...पिता नशेड़ी...जैसी शिकायतें की गईं। इन शिकायतों का पर्चा निकालकर पं. शास्त्री ने मौके पर ही समाधान और कारण बताया। धमधा के एक गरीब व्यक्ति को जब शास्त्री ने बुलाया, तो उस व्यक्ति ने बताया कि वह कैंसर हॉस्पिटल में दान के लिए यहां पहुंचा है। यह सुनते ही शास्त्री ने आसपास अपने जजमानों राकेश पांडेय, बसंत अग्रवाल और खुद करीब 65 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की। साथ ही बेटी की शादी, बेटे के लिए रोजगार, स्वास्थ्य की समस्या को लेकर बताया कि प्रेत बाधा है, जिसे दूर करने का मंत्र बताया। दर्शक दीर्घा में बैठे भक्तों में कई लोगों को शास्त्री ने अपने पास बुलाया। इसमें भाठापारा के अरविंद की समस्या सुनी। उनकी बेटी से भी पं. शास्त्री ने बात की। भाई-भाई का झगड़ा, दुकान को लेकर कोर्ट केस की जानकारी दी। उन्हें समाधान स्वरूप अभिमंत्रित नारियल दिया। सुभाष नगर दुर्ग निवासी शिवम एक्सीडेंट के बाद एंजाइटी, शादी नहीं होने, पिता के मदिरा सेवन की





पेड़ में चढ़े भक्त और बुजुर्ग महिला को पास बुलाकर पूछी परेशानी।

जानकारी दी। इस पर पंडित जी ने 2027 दिसंबर तक शादी होने की बात कही। हवन-पूजन की सलाह दी। पंजाबी व्यक्ति ने बेटी के विदेश में पक्की नौकरी नहीं होने की बात कही। महाराज जी ने डेढ़ महीने में नौकरी लगने, खुद की कंपनी खोलने की आशीर्वाद दिया। इसके लिए भगवान का कवच रखने की सलाह दी। एक बुजुर्ग महिला में पार्षद बहू ईश्वरी साहू से परेशानी और अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इस पर उन्होंने सरसों के तेल का अखंड दीया जलाने की सलाह दी। जीतू उर्फ जितेंद्र ने टोटका किए जाने की बात कही। इस पर महाराज ने 4 जनवरी को होने वाले हवन में शामिल होने की सलाह दी। उन्होंने हनुमान का झंडा लेकर पहुंचे युवक, गिरधारी नगर दुर्ग निवासी विजय साहू, ममता, कुरुद निवासी महिला सहित अन्य भक्तों की समस्याओं का भी निराकरण किया।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय, भिलाई-दुर्ग के प्रतिनिधि भी हुए शामिल

# अग्रवाल समाज की पहल, प्री वेडिंग शूट नहीं होंगे, शादियों पर होने वाले खर्च को कम कर सामाजिक उपयोग में लगाएंगे

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज का प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों धुलिया महाराष्ट्र में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुआ। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें प्रमुख रूप से शादियों में प्री वेडिंग शूट जैसी फिजूलखर्ची नहीं किए जाने की बात को दोहराया गया। बैठक में समाज हित में गहन मंथन एवं समीक्षा कर निर्णय लिया गया कि शादी पर होने वाले असीमित खर्च को कम कर बचत राशि को समाज हित में उपयोग किया जाए। मध्यम परिवारों की कन्या की शादी के लिए अग्रसेन कन्या विवाह योजना प्रारंभ की जाएगी। बच्चों में संस्कार जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। प्री वेडिंग शूट में कमी आयी है। इसके लिए सभी को धन्यवाद दिया गया। आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी बच्चों को कोचिंग उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।



### भिलाई-दुर्ग समेत प्रदेश के 15 प्रतिनिधि बैठक में हुए शामिल

धुलिया में हुए इस राष्ट्रीय आयोजन में प्रदेश से 15 प्रतिनिध शामिल हुए। भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक महाराष्ट्र में हुई। इस महत्वपूर्ण मीटिंग में पूरे देश के सभी राज्यों से प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए। मीटिंग अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल एवं नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ से सियाराम अग्रवाल, महेंद्र सक्सेरिया, जयदेव सिंघल, प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, युवा अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया सहित अन्य मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ को मिला सर्वश्रेष्ठ राज्य का सम्मान

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल एवं महामंत्री मनोज अग्रवाल के विगत 3 वर्षों के कार्यकाल में हुए उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन को सर्वश्रेष्ठ राज्य इकाई का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं नेतराम अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन को गौरवान्वित करने वाले इस अभूतपूर्व क्षण का सभागार में उपस्थित देश के सभी पदाधिकारी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। संगठन मंत्री संजय गर्ग एवं पंकज कृतिका ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए सभी निर्णय का छत्तीसगढ़ संगठन द्वारा पालन किया जाएगा।

## धर्म इवेंट

# मनुष्य दूसरों के साथ उस प्रकार का आचरण करे, जैसा वे दूसरों से चाहता है



**भिलाई।** राधा रानी महिला सेवा समिति पुरैना भिलाई भिलाई-3 के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय राम कथा भगवान शिव और पार्वती के विवाह को झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। आयोजन समिति के संरक्षक एम. लक्ष्मण राव ने बताया कि पुरैना में हो रहे इस भव्य आयोजन में समस्त पुरैना वासी का भरपूर सहयोग मिल रहा है। सभी पुरैना वासी एवं विभिन्न समिति के सदस्यों के द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है,, जिससे पूरा पुरैना राममय होकर अयोध्या बन गया है। बाल व्यास आचार्य हरीश ने कथा में कहा कि राम कथा का पावन संदेश है। आदर्श जीवन, सत्यता, धर्म परायणता, मर्यादा और अपनी कर्तव्यों का पालन करना है। हमें अपने अहंकार का त्याग कर सभी के भलाई के बारे में सोचना और करना चाहिए। इस भव्य आयोजन में एम लक्ष्मण राव, बसंत मानिकपुरी, केएल. कुमारी, इंद्राणी वर्मा, पिंकी गुप्ता, सोमनाथ यादव, शंकर यादव, पूर्व सैनिक सोहनलाल साहू उरला, समाजसेवी रामकुमार साहू भिलाई -3, अमर साहू मोरिद, रवि साहू उरला, धनेश्वरी विश्वकर्मा रामगोपाल वर्मा, जे मोहन राव, के मंगा, जानकी ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सरोज निषाद, द्रौपदी निषाद, पी अरुद्रा, विमला विश्वकर्मा, चंद्रावती, झरना वर्मा, लता मानिकपुरी, कुशल चंद्राकर सनी निषाद, पुनाराम चंद्राकर, पूजा सोनी, राम पुकार मिश्रा, सागर मिश्रा, बेबी मिश्रा, के. सूरी बाबू, वासु नाग आदि मौजूद थे।

- पुरैना में हुआ शिव-पार्वती का विवाह
- झांकियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने रमाया



## धर्म इवेंट

# कलियुग में भगवान का कीर्तन ही जीव के कल्याण का माध्यम : तोरण शर्मा



**भिलाई/निकुम।** सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम प्रांगण में चल रहे कथा के तीसरे दिन राधा रमण महिला मंडली ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा का कलयुग में भगवान की आराधना का संदेश दिया गया। कथावाचक पंडित तोरण शर्मा ने कहा कि 51 महिलाओं ने बीते तीन वर्ष से बचत के माध्यम से धर्मरथ का ध्वजा फ़हराया। यह प्रयास नारी शक्ति के समाजस्तर पर सशक्तिकरण की सराहनीय मिसाल है। कलियुग में भगवान का कीर्तन ही जीव के कल्याण का माध्यम है। कथनी और करनी में भेद नहीं करने वाले व्यक्ति की अपनी अलग पहचान और साख होती है। क्योंकि श्रीमद भागवत कथा में नारी शक्तियों के बारे में बताया कि, कीर्ति, श्री (समृद्धि), वाणी, स्मृति, मेधा (बुद्धि), धृति (संकल्प) और क्षमा जैसे दिव्य गुणों का स्वरूप बताया गया है, जो समाज में संतुलन और धर्म की स्थापना करती हैं; वे त्याग, शिक्षा और भक्ति के माध्यम से युग-निर्माण की क्षमता रखती हैं, और उनकी शिक्षाएं महिलाओं को सशक्तिकरण और आत्म-सम्मान की प्रेरणा देती हैं, जिसमें गोपियों का प्रेम और देवी-देवताओं के साथ उनकी सहभागिता भी शामिल है, जो उन्हें आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बनाती है। वही कथा में सती चरित्र, भरत चरित्र का वर्णन कथा बताई गई। कथा के अंतिम दिन नए वर्ष पर 1 जनवरी गुरुवार प्रदोष के शुभ पर्व पर पूरे कथा पंडाल में भक्तीमय संगीत, भजन , हवन पूजन, यज्ञ, महा भंडारा भी होगा।

## सिटी लाइव

# रॉयल ग्रीन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष बने नायक, शपथ ग्रहण आज



**दुर्ग।** रॉयल ग्रीन वेलफेयर सोसाइटी के सभी सदस्य एवं संरक्षक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से अजय नायक को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुकेश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राम नरेश साहू उपाध्यक्ष, रोशन सिन्हा सचिव, प्रभात साहू सह सचिव, रूपराम देवांगन कोषाध्यक्ष, पद्मिनी मानिक सांस्कृतिक सचिव, डिंपल देवांगन सांस्कृतिक सचिव मनोनीत किए गए। संरक्षक मंडल में डॉ. भरत चावड़ा, भारत सोनबरसा, बीआर उंबरे तथा कार्यकारिणी सदस्यों में मुकेश यादव, पोषण साहू, दिलीप देवांगन, डॉ. कुंज लाल चंद्राकार, देवेंद्र मानिक, वीरेंद्र बेलचंदन, होलकर हरमुख शामिल हैं। अध्यक्ष एवं पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह 28 दिसंबर रविवार को दोपहर 2 बजे आयोजित है। इस कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, बीजेपी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर उपस्थित रहेंगे।

## शहीद गैंद सिंह नायक को बताया स्वाधीनता आंदोलन का प्रथम शहीद, गोकुल नगर में सामाजिक मिलन समारोह

# राष्ट्र और समाज के नव निर्माण में आदिवासी के नायकों व महापुरुषों का योगदान महत्वपूर्ण : सीएम

**दुर्ग।** गोकुल नगर पुलगांव में हल्बा-हल्बी समाज द्वारा आयोजित सामाजिक मिलन एवं शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर नवनिर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम स्थल में समाज के युवा-युवतियों को आवासीय कोचिंग सुविधा प्रदान करने 50 लाख रूपए तथा पुलगांव दुर्ग स्थित कंवर समाज के सामाजिक भवन में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण हेतु 25 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। साय ने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में आदिवासी नायकों एवं महापुरूषों का अनुपम एवं अद्वितीय योगदान है। उन्होंने कहा कि हल्बा, हल्बी एवं आदिवासी समाज सहित संपूर्ण भारतवर्ष के गौरव शहीद गैंद सिंह नायक ने हमारे देश में आजादी का आंदोलन का सर्वप्रथम शंखनाद किया था। श्री साय ने कहा कि देश में स्वाधीनता आंदोलन की शुरूआत 1857 से मानी जाती है। लेकिन उससे पूर्व आदिवासी जननायकों को एवं वीर सपूतों ने देश में स्वाधीनता के आंदोलन का बिगुल फूंक दिया था। समारोह में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर अलका बाघमार, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मंथीर राम खलेन्द्र, महासभा अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र महला सहित अन्य उपस्थित थे।



### आवासीय कोचिंग के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा

कार्यक्रम स्थल में पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने शक्ति स्थल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हल्बा समाज के युवक-युवतियों को आवासीय कोचिंग सुविधा प्रदान करने हेतु 50 लाख रुपए तथा पुलगांव दुर्ग स्थित कंवर समाज के सामाजिक भवन में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण हेतु 25 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर उन्होंने हल्बा-हल्बी समाज के सामाजिक पत्रिका समाज का भी विमोचन किया। माता दन्तेश्वरी, शीतला माता एवं अमर शहीर गैंद सिंह नायक को नमन करते हुए अपने उद्बोधन की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने सभी स्वजातीयजनों को शक्ति दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए माता दन्तेश्वरी से हल्बा-हल्बी समाज चहुमुंखी विकास एवं प्रगति की मंगल कामना की।

### गैंद सिंह ने किया था अंग्रेजों के खिलाफ 14 क्रांतियों का शंखनाद



साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सहित पूरे देश में आजादी के आंदोलन का सूत्रपात सर्वप्रथम जनजातीय समाज के महापुरूषों ने किया था। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गैंद सिंह नायक सहित जनजाति नायकों एवं देशभक्तों ने अंग्रेजों के खिलाफ कुल विभिन्न 14 क्रांतियों का शंखनाद किया था। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा जनजाति नायकों एवं अमर शहीदों के योगदानों को इतिहास को विशिष्ट स्थान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने जनजाति समाज के हितों की रक्षा एवं उनके संरक्षण व संवर्धन हेतु पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यों का भी उल्लेख किया। वीरांगना दुर्गावती विशाल संग्रहालय का निर्माण किया गया था। इसके अलावा राजधानी रायपुर में जनजाति समाज के नायकों एवं वीर सपूतों के योगदान तथा अमर गाथाओं को नई पीढ़ी को परिचित कराने साथ-साथ उसके संरक्षण और संवर्धन हेतु विशाल आदिवासी संग्रहालय का निर्माण किया गया है।

### हल्बा-हल्बी समाज आज समाज की मुख्य धारा में जुड़ चुका

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र सांसद श्री विजय बघेल ने हल्बा-हल्बी समाज के लोगों को शक्ति दिवस के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने माता दन्तेश्वरी से हल्बा-हल्बी समाज के उत्तरोत्तर प्रगति कामना भी की। बघेल ने गोकुल नगर स्थित हल्बा शक्ति स्थल पर आवश्यक निर्माण कार्य हेतु हर संभव मदद उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कार्यक्रम में अपनी बहुमूल्य उपस्थिति के लिए मुख्यमंत्री एवं अतिथियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने गोकुल नगर स्थित इस हल्बा शक्ति स्थल को व्यापारिक एवं शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने हेतु मुख्यमंत्री श्री साय एवं अतिथियों से सहयोग की भी मांग की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हल्बा-हल्बी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मंथीर राम खलेन्द्र एवं बालोद महासभा के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र महला ने समाज की प्रमुख मांगों की ओर समाज का ध्यान आकृष्ट कराया।

## कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित

# जैतखाम गुरुगद्दी और बाबा गुरु घासीदास की आराधना के बीच पंथी नृत्य की प्रस्तुति



**दुर्ग।** गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किया जा रहा है। आलबरस, भोथली में आयोजित मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले सतनाम पंथ के संस्थापक बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। ललित चंद्राकर ने कहा कि आज हम बाबा गुरुघासीदास की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवनकाल में समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वह एक महान संत, समाज सुधारक और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में गरीबों, दलितों, और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया था। बाबा गुरु घासीदास जी ने सम्पूर्ण मानव जाति को मनखे-मनखे एक समान का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख, सोसाइटी अध्यक्ष प्रताप यादव, पुराणिक लाल चेलक, कामता डहरे, लालजी भारती, हेमलाल गायकवाड़, श्रवण चेलक, अमरदास भारती, डॉ. मारकंडे, संतोष कुर्रे, अरुण चेलक, गोपाल प्रसाद डहरिया, अशोक हरमुख, लक्षमण देशमुख उपस्थित रहे।

### पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती समारोह में भी हुए शामिल

ललित चंद्राकर रिसाली भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती के अवसर पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। चंद्राकर ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहा। लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण, सुशासन की स्थापना और जनकल्याण के व्यापक दृष्टिकोण के कारण वे देशवासियों के हृदय में सदैव अमर रहेंगे। वे केवल महान राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि, दूरदर्शी राजनेता और करुणा से भरे जननायक थे, जिन्होंने राजनीति को जनसेवा का सशक्त माध्यम बनाया। कार्यक्रम में एकनाथ, अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, सोनू राम सिंह, अजीत चौधरी, अमन शर्मा, विकास कुलश्रेष्ठ सहित अन्य मौजूद थे।

## कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुति

# लोकवाद्य संग्राहक रिखी के साथ अंडमान पहुंचा छत्तीसगढ़ी समूह, बिखरेंगे लोकरंग



**भिलाई।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय व उनका समूह अंडमान निकोबार द्वीप पहुंच गया है। 31 दिसंबर तक होने वाले आईलैंड टूरिज्म फेस्टिवल 2025 में देश भर के कलाकारों के बीच रिखी क्षत्रिय का समूह छत्तीसगढ़ लोकनृत्य व संगीत का जादू जगाएगा। संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा छत्तीसगढ़ शासन रायपुर की ओर से अंडमान निकोबार में होने वाले लोक नृत्य महोत्सव में रिखी क्षत्रिय व उनके समूह को यह अवसर दिया गया गया है। जिसमें रिखी के साथ 16 सदस्यीय दल वहां के अलग-अलग द्वीपों में 31 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति देगा। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि इस प्रतिष्ठित समारोह में 10 राज्यों के लोकनृत्य समूहों को आमंत्रित किया गया है। जहां उनका समूह ककसाड़ नृत्य, माड़ी करमा और परब की प्रस्तुति देगा। यह प्रस्तुतियां अंडमान के वंडूर, मरीन, डिगलीपुर एवं आईटीएफ में होंगी। रिखी क्षत्रिय के समूह में कुलदीप सार्वा, प्रदीप ठाकुर, संजीव कुमार, पारस रजक, सुनील, भीमेश सतनामी, वेद प्रकाश, प्रमोद, जय ठाकुर, प्रियंका साहू, लीना ध्रुव, हुलसी ध्रुव, हेमा, चंचल और ओमेश्वरी शामिल हैं।

**लोकनृत्य महोत्सव में रिखी क्षत्रिय व उनके समूह को दिया अवसर**

## मसीही संस्थाओं द्वारा जरुरतमंदों को भोजन, वस्त्र और उपहार किए गए वितरित

# ट्विनसिटी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना क्रिसमस प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर गिरजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** ट्विनसिटी में क्रिसमस का पर्व श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के बीच मनाया गया। प्रभु यीशु मसीह के जन्म की स्मृति में कल मध्यरात्रि से ही गिरजाघरों में विशेष कार्यक्रम आरंभ हो गए, जो आज प्रार्थनाओं, आराधनाओं और सामाजिक सेवा के माध्यम से संपन्न हुए। क्रिसमस के अवसर पर कई गिरजाघरों और मसीही संस्थाओं द्वारा जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और उपहार वितरित किए गए। बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए, जहां सांता क्लॉज के रूप में उपहार बांटे गए। पूरे क्षेत्र में उत्सव, सौहार्द और आपसी प्रेम का वातावरण बना रहा।



### चर्च की घंटियां बजीं, कैरोल गीत गाए गए

क्रिसमस की पूर्व संध्या दुर्ग-भिलाई के सभी प्रमुख गिरजाघरों में प्रभु यीशु के जन्म समय पर विशेष मध्यरात्रि प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। जैसे ही रात 12 बजे चर्च की घंटियां बजीं, ग्लोरिया इन एक्सेल्सिस डियो के गीतों के साथ प्रभु यीशु के जन्म की घोषणा की गई। केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं हिंदी एवं बड़ा दिन मुबारक हो का नारा लगाते हुए श्रद्धालुओं ने मोमबत्तियां जलाकर प्रभु के आगमन का स्वागत किया। गिरजाघरों में यीशु जन्म की जीवंत झांकियां सजाई गईं, जिनमें मरियम, यूसुफ और बालक यीशु को दर्शाया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटिकाएं और क्रिसमस कैरोल गीत वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे।

### प्रमुख चर्चों में जुटा सर्व समाज, दी बधाई

बैपटिस्ट चर्च सेक्टर 6 भिलाई के पास्टर एम प्रभु मनोहर द्वारा यीशु के जन्म आराधना का संचालन किया गया। उन्होंने कहा कि यीशु ने धर्मी के रूप मे जन्म लिय, उद्धारकरता के रूप मे जन्म लिया, शांति दाता के रूप में जन्म लिया और सामर्थी परमेश्वर के स्वरूप में जन्म लिया। सेंट जोसेफ द वर्कर्स कैथोलिक चर्च सेक्टर 6 में प्रार्थना की अगुवाई फादर साबू ने की। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु हमें सच्चा जीवन देने के लिए इस दुनिया में आए हैं। हार्वेस्ट चर्च सेक्टर 6 भिलाई प्रार्थना की अगुवाई पास्टर दीपू जेना ने की, उन्होंने कहा कि गॉड्स जीपीएस अर्थात प्रभु यीशु का जब जन्म हुआ तब तारे ने गडरियों को रास्ता दिखाया। हमारे अंधकार भरे जीवन में प्रभु यीशु तारे के समान ज्योति बनकर आया है।

### हफ्तेभर से चल रहा आयोजन, हर दिन सैलिब्रेशन

सुबह गिरजाघरों में विशेष पवित्र मिस्सा और धन्यवाद प्रार्थनाओं का आयोजन किया जा रहा। बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग पारंपरिक परिधान में चर्च पहुंचे और प्रभु यीशु से शांति, प्रेम और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर धर्मगुरुओं ने अपने संदेश में प्रभु यीशु के जीवन, उनके प्रेम, क्षमा और सेवा के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को आपसी भाईचारे और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6 भिलाई में पास्टर इंचार्ज रेव. अर्पण तरुण द्वारा अंतिम प्रार्थना की और केक काटकर सभी को वितरित किया। प्रार्थना की अगुवाई रेव. सुनील जॉन ने की।

